replies in respect of Chapter V of the 8th Action Taken Report (Thirteenth Lok Sabha) on 1st Report (Thirteenth Lok Sabha) on 'Demands for Grants 2000-2001 of the Ministry of Railways.'

REPORTS OF STANDING COMMITTEE ON FINANCE

DR. T. SUBBARAMI REDDY (Andhra Pradesh) : Sir, I lay on the Table a copy (in English and Hindi) of the Thirty-second Report of the Standing Committee on Finance (Thirteenth Lok Sabha) on Action taken by the Government on the recommendations contained in the Fourteenth Report of the Committee on Demands for Grants (2001-2002) of the Ministry of Finance (Department of Revenue).

REPORT OF THE COMMITTEE ON EMPOWERMENT OF WOMEN

श्रीमती सविता शारदा (गुजरात) : सभापति महोदय, मैं 'स्थानीय निकायों में महिलाओं का प्रशिक्षण और अधिकारिता' (तेरहवीं लोक सभा) के संबंध में महिला अधिकारिता संबंधी समिति के 8वें प्रतिवेदन की एक प्रति (अंग्रेजी तथा हिन्दी में) सभा पटल पर रखती हूँ ।

CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

Securities Scam in Co - Operative Banks

श्री संजय निरूपम (महाराष्ट्र): सभापति महोदय, मैं महाराष्ट्र के कोपरेटिव बैंकों में जो सिक्यूरिटीज स्कैम हुआ है, उसकी तरफ और उसमें केन्द्र सरकार की जो रेगुलेटिंग एजेन्सी हैं उनकी असफलताओं की तरफ माननीय वित्त मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करता हूँ ।

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI YASHWANT SINHA): Mr. Chairman, Sir, as per the information available with the Reserve Bank of India, seven Cooperative Banks in Maharashtra had entered into transactions in Government securities and the amount involved are:

Nagpur DCCB -- Rs.153.04 crores; Wardha DCCB -- Rs. 25 crores, Osmanabad DCCB -- Rs.29.99 crores, Sadguru Jangli Maharaj UCB -- Rs.40 crores, Amravati Peoples Cooperative UCB -- Rs.9.50 crores, Swarnayug UCB -- Rs.5.79 crores and Raghuvanshi UCB -- Rs.5.40 crores.

The banks paid the amounts to the brokers purportedly for acquiring Government securities, but no such securities were acquired or delivered.

The transactions involved M/s Home Trade Ltd. and four other brokers, viz. Indramani Merchant Ltd.,Kolkata, Syndicate Management Services Ltd., Ahmedabad, Giltedge Management Services Ltd., Mumbai, and Century Dealers P. Ltd., Mumbai.

RBI has laid down detailed guidelines under which all transactions in Government securities are to be undertaken only through SGL account where available but in most of these banks, despite their having an SGL/constituent SGL account, transactions have been undertaken in the physical mode and the physical delivery of the securities have not been taken. RBI guidelines further stipulate that the banks may undertake securities transactions among themselves or with non-bank clients only through members of NSE, OTCEI and BSE. In the above-mentioned transactions, however, none of these brokers were members of debt market segment of any of the exchanges. The transactions were continued to be undertaken despite no security being delivered in physical or scripless form. The payments were made directly to the brokers who acted as counter parties in these transactions.

There has been no failure on the part of the regulators as alleged. Detailed guidelines have been laid down by the regulators and the violations were detected during Inspection and Surveillance and prompt action taken. These transactions had come to the light in course of regular statutory inspections of Nagpur and Osmanabad DCCBs by National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD) and as a follow up on off-site surveillance/market intelligence reports over urban cooperative banks by RBI. These transactions were manifestly fraudulent transactions and do not reflect in any way on adequacy of regulatory guidelines. Further scrutiny revealed absence of any investment policy as per RBI guidelines, non-existence of concurrent audit/internal inspection system, lack of trained staff and complete failure of the management, especially the board of directors, in controlling, guiding and monitoring the affairs of the bank and failure to comply with the RBI guidelines. In view of the manifest fraudulent transactions in violation of its guideline and to forestall any further damage by the existing board of directors, RBI sought supersession of the board of directors of Nagpur, Osmanabad and Wardha DCCBs and Sadguru Jangali Maharaj and Amravati UCBs under section 110 A(iii) of the Maharashtra Co-operative Societies Act, 1960. The board of directors of these banks, who were elected by its members but had failed in discharging their duties, have since been superseded. RBI has also asked the Registrar of Cooperative

Societies of Maharashtra to conduct special audit of investment transactions of cooperative banks. Meanwhile, Government of Maharashtra has filed criminal complaints against the brokers/Chairmen of these five co-operative banks. SEBI has also issued order under section 11 and 11B of SEBI Act, 1992 debarring M/s Home Trade Ltd. from dealing in securities.

श्री संजय निरुपम : आदरणीय सभापति जी, मेरे ख्याल से इस सदन में हम जितने भी लोग बैठे हैं, सबने हिन्दी फिल्में देखी होंगी । हर हिन्दी फिल्म में हम देखते हैं कि जब कोई बड़ा हादसा हो जाता है, कोई बड़ी हत्या या हिंसा हो जाती है, उसके बाद पुलिस पहुंचती है । हम बार-बार सोचते हैं कि हत्या या हादसा होने से पहले ....

MR. CHAIRMAN: Mr. Sanjay Nirupam, there are a number of Members who want to speak. You should put pointed questions so that they can also be covered.

SHRI SANJAY NIRUPAM: Sir, I will try my best to put pointed questions.

MR. CHAIRMAN: It will be easier for the Minister also to reply. And all the Members who want to speak can also be covered. No background need be given. He knows the background, you know the background and Members know the background.

श्री संजय निरुपम : मैं कोशिश करता हूं, सर ।

सभापति जी, मेरा कहना यह है कि गाइडलाइंस हैं, सारे नियम-कानून हैं लेकिन इसके बावजूद घोटाले हो जाते हैं और घोटाले हो जाने के बाद हमें होश आता है और हम सोचते हैं कि यह क्या हो गया । आरबीआई के बारे में जो माननीय मंत्री जी ने बताया कि इस तरह के उन्होंने महाराष्ट्र गवर्नमेंट को निर्देश दिए, यह सारी जानकारी हमारे पास है । हमें बुनियादी तौर पर जो बताना है, वह यह है कि हमारे देश में और खास तौर से मुम्बई में दो तरह की मार्किट हैं -- एक इक्विटी मार्किट और दूसरी डेट मार्किट । इक्विटी मार्किट के लिए तो बहुत सारी व्यवस्थाएं हैं, लगातार इतने घोटाले हुए, इतना हमने शोर मचाया तो इक्विटी मार्किट के लिए हमने व्यवस्थाएं कीं, लेकिन डेट मार्किट के लिए जो पारदर्शी व्यवस्था होनी चाहिए, वह व्यवस्था आज नहीं है । मुम्बई के जो कोआपरेटिव बैंक थे और महाराष्ट्र के जो कोआपरेटिव बैंक थे, उन्होंने गवर्नमेंट की सिक्युरिटी खरीदी और जैसा कि मंत्री महोदय ने बताया कि बगैर फिज़िकल डिलीवरी के पैसे दे दिए गए ।

सभापति महोदय, यह लगभग 503 करोड़ रुपए का घोटाला है लेकिन माननीय मंत्री जी ने जो आंकड़े दिए हैं, वे अधूरे हैं, वे बहुत कम हैं । जिस तरह से रामायण में किस्सा है कि हनुमान की पूंछ का कोई अंत समझ में नहीं आता था, उसी तरह से यह घोटाला हजार करोड़ रुपए से ऊपर जा सकता है । लेकिन फिर भी अपने-अपने ढंग से कुछ फिगर्स दी गई हैं । ये फिगर्स अधूरी हैं, कम हैं और उसका बुनियादी कारण यह है कि अभी किसी को इसके बारे में पता नहीं चल रहा है ।

महोदय, सबसे पहले नागपुर डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक का स्कैम सामने आया और नाबार्ड की ऑडिट रिपोर्ट से उसके बारे में पता चला । उसके बाद डिस्ट्रिक्ट सेंटर कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन ने केस फाइल किया और केस फाइल करने के बाद पता चला कि इनका 125 करोड़ रुपए के आस-पास पैसा डूब गया है और इनके पास गवर्नमेंट सिक्यूरिटी नहीं आई है । बाद में पता चला कि यह राशि डेढ़ सौ करोड़ रुपए है और उसके बाद धीरे-धीरे अन्य बैंकों के नाम सामने आए । मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि बिल्कुल इसी तरह का केस, हर्षद मेहता केस हुआ था । महोदय, जब वित्तीय संस्थाओं के पैसे जाते हैं तो पैसे तो हम दे देते हैं लेकिन सिक्यूरिटी आने में बहुत समय लगता है । हमारे पास जैसे शेयर मार्केट में रोज की एक व्यवस्था है कि रोज शाम को आपको यह पता चल जाएगा कि आज क्या-क्या लेनदेन हुआ और किसने कितने पैसे डाले, यह पता चल जाता है । सचमुच इसके पीछे कौन सी ताकतें हैं, यह पता नहीं चलता है लेकिन रोज के कारोबार के बारे में पता चल जाता है । डैट मार्केट में आज ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है । वहां ज्यादातर कारोबार फोन के जरिए हो रहा है । उसमें कोई पारदर्शिता नहीं है । वह सारा कारोबार फोन के जरिए होता है और बड़े-बड़े लैजर मैंटेन किए जाते हैं । मेरा सबसे पहला निवेदन यह है कि RBI के जरिए, नाबार्ड के जरिए एक ऐसी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए जिससे रोज की सिक्यूरिटी ट्रेडिंग के बारे में शाम को पता चल सके कि सचमुच किस डिपार्टमेंट की, किस पब्लिक सैक्टर की, किस विभाग की सिक्यूरिटी कहां गई है और कितने पैसे में गई है । यह व्यवस्था आज की तारीख में नहीं है जब कि हमारे पास सारी रेगुलेटिंग गाइडलाइंस हैं । इसी वजह से हर्षद मेहता स्कैम हुआ था । यहां बड़े-बड़े वित्तीय जानकार बैठे हैं, वे जानते हैं कि वह स्कैम इसी वजह से हुआ था । उन्हीं खामियों का उपयोग होम ट्रेड नामक एक कंपनी ने किया है। तो यह जो टाइम गैप है, इसका दुरुपयोग हो रहा है और इसकी ओर मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । मैं चाहूंगा कि वे इस बारे में स्पष्ट तौर पर अपनी राय दें ।

महोदय, कोऑपरेटिव बैंकों में जो बैंक घोटाले हुए, उनके बारे में RBI की गाइडलाइंस तो थीं लेकिन उन पर RBI की नज़र नहीं थी । यह पिछले 2 सालों से चल रहा है और 2 सालों तक चलता रहा । इन 2 सालों में 503 करोड़ रुपए का घोटाला तो मुझे ही दिखाई दे रहा है । ये सारे के सारे पैसे कहां गए, यह अभी तक पता नहीं चला है । पहला प्रश्न यह है कि घोटाला आखिर कितना बड़ा है, इस बारे में कोई नहीं बता रहा है । दूसरा प्रश्न यह है कि आखिर घोटाले का पैसा कहां गया ? 503 करोड़ रुपए का घोटाला जो मैं बता रहा हूं, आखिर वह पैसा कहां गया, किसने लिया ? होम ट्रेड वाले बता रहे हैं कि हमें कुछ नहीं मालूम। क्या इस पूरे घोटाले का कोई नाता मुंबई के स्टॉक एक्सचेंज स्कैम से है? इस बात की छानबीन होनी चाहिए । इस बात की छानबीन महाराष्ट्र पुलिस नहीं कर सकती । आपने यह पूरा का पूरा मामला महराष्ट्र पुलिस पर छोड़ दिया । महाराष्ट्र पुलिस के नागपुर यूनिट के इंस्पैक्टर ने संजय अग्रवाल को गिरफ्तार किया । संजय अग्रवाल, होम ट्रेड के डॉयरेक्टर हैं। जब वे गिरफ्तार हुए और उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने pay-in, pay-out, money settlement और इस तरह की अन्य टैक्निकल टर्म्स का प्रयोग किया, जिन्हें सुनकर इंस्पैक्टर परेशान हो गए कि इनका मतलब क्या है । यानी इस तरह के स्कैम्स की छानबीन के लिए हमें टैक्निकल जानकारी रखने वाले जांचकर्ता या जांच एजेंसी की आवश्यकता है ।

महोदय, माननीय मंत्री जी से मेरा निवेदन है कि इस पूरे मामले की छानबीन CBI के जरिए होनी चाहिए । महाराष्ट्र पुलिस के कर्मचारी जिस तरह से छानबीन कर रहे हैं, उससे कुछ नहीं निकलकर आने वाला है । महाराष्ट्र सरकार ने पिछले एक महीने में जिस तरह की भूमिका निभाई है, वह भी संदेहास्पद है । महोदय, अप्रैल महीने के अंत में बताया गया कि आपके कोऑपरेटिव बैंकों में इस तरह का स्कैम हुआ है, आप जल्दी इस पर ऐक्शन लीजिए। महाराष्ट्र गवर्नमेंट को इस पर ऐक्शन लेने में लगभग 15 दिन लग गए और 15 दिनों तक महाराष्ट्र गवर्नमेंट ने कोई ऐक्शन नहीं लिया । उसके बाद श्री सुनील केदार, जो नागपुर डिस्ट्रिक्ट सेंटर कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन हैं, जो सबसे पहला अभियुक्त है, जिसने सबसे बड़ा गुनाह किया है, उसको गिरफ्तार करने में 15 दिन और लगे । जब होम ट्रेड कंपनी का नाम निकलकर आया तो ...(व्यवधान)...

श्री प्रफुल्ल पटेल (महाराष्ट्र): संजय जी, आप बार-बार महाराष्ट्र सरकार की बात कर रहे हैं, महाराष्ट्र सरकार ने इसमें कहीं भी विलंब नहीं किया । जिस दिन इस मामले को उनके नोटिस में लाया गया, उसके दूसरे दिन सुनील केदार अरेस्ट हुए और दूसरे दिन के बाद वहां के बोर्ड को डिज्ज़ॉल्व करने की कार्यवाही महाराष्ट्र सरकार ने की ।

इसमें कोई आरबीआई या रेगुलेटर का सवाल नहीं था। आपने राज्य सरकार का नाम लिया है। मैं आपको कहना चाहता हूं कि आप इसको पॉलिटिकल कलर देना चाहते हैं तो बात अलग है। महाराष्ट्र में कांग्रेस और एनसीपी की सरकार है, वहां पर दोनों की हुकूमत है, महाराष्ट्र सरकार के मुख्य मंत्री जिनके पास कोआपरेटिव डिपार्टमेंट है, उन्होंने इमीडियेटली उस पर एक्शन लिया है और एनसीपी जिसके पास होम डिपार्टमेंट है, होम मिनिस्टर ने भी एक्शन लिया है।

श्री संजय निरुपम : यह हो सकता है। ...(व्यवधान)...

श्री प्रफुल्ल पटेल : मैं एक बात और बताना चाहता हूं। अगर आप यह कहना चाहते हैं कि इसमें सारे कांग्रेस और एनसीपी के लोग इनवाल्व हैं तो यह गलत है। यह जंगली महाराज कोआपरेटिव बैंक में आपसे संबंधित लोग ही हैं।

श्री संजय निरुपम : सभापति महोदय, मैंने अभी तक किसी पक्ष का नाम नहीं लिया है, किसी पॉलिटीकल पार्टी का नाम नहीं लिया है, किसी पॉलिटीकल पार्टी के लीडर का नाम नहीं लिया है। ...(व्यवधान)...

श्री प्रफुल्ल पटेल : आप स्कैम के बारे में जरूर बोलिए। इसकी जितनी गहराई में आप जाना चाहते हैं, उतनी ही गहराई में हम भी जाना चाहते हैं। लेकिन आपने महाराष्ट्र सरकार के बारे में कहा है, इसलिए मैं यह कह रहा हूं।

श्री संजय निरुपम : सभापति जी, मैंने अभी तक किसी पॉलिटीकल पार्टी के लीडर का नाम नहीं लिया है, किसी पॉलिटीकल पार्टी का नाम नहीं लिया है। लेकिन क्या यह संयोग है कि

नागपुर डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल कोआपरेटिव बैंक के जो चेयरमैन हैं, वह एनसीपी के बहुत एक्टिव लीडर हैं, वे चुनाव लड़ चुके हैं। दूसरे, क्या यह संयोग है कि उस्मानाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक के चेयरमैन मिस्टर * वह आपकी सरकार के सिंचाई मंत्री * के रिश्तेदार हैं, भाई हैं। क्या यह संयोग है कि वर्धा डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल कोआपरेटिव बैंक के चेयरमैन * महाराष्ट्र स्टेट कोआपरेटिव बैंक के चैयरमैन * जो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता हैं, उनके सगे भाई हैं? यह सब संयोग नहीं है। इसीलिए हमें शक हो रहा है कि सरकार में ऐसे लोग बैठे हुए हैं जो इन घोटालेबाजों को बचा सकते हैं। इसीलिए मैंने कहा है कि ...**(व्यवधान)**...

श्री प्रफुल्ल पटेल : जंगली महाराज कोआपरेटिव बैंक में सारे भारतीय जनता पार्टी के समर्थक लोग हैं और उसके एक्टिव मेम्बर्स हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय निरुपम : ठीक है। मैं यह नहीं बोल रहा हूं। ...**(व्यवधान)**...

श्री प्रफुल्ल पटेल : आप क्या कहना चाहते हैं ? 100 करोड़ रुपया शीमैन के प्राविडेंट फंड का गया है, सेंट्रल गवर्नमेंट के डायरेक्टर जनरल शिपिंग जो होते हैं, वह उसके चेयरमैन होते हैं। क्या आप यह कहना चाहते हैं कि सेंट्रल गवर्नमेंट भी इसमें इन्वाल्वड है। आप इसको पॉलिटिकल मत करिए। अगर कोई हादसा हुआ है, स्कैम हुआ है, तो उसकी गहराई में जाना जरूरी है। अगर आप यह कहना चाहेंगे कि राजनीतिक पार्टियां या राजनीतिक पार्टियों के कुछ लोग इसमें इन्वाल्वड हैं तो उसमें पूरी पार्टी का भी दोष है। यह बिल्कुल गलत बात है। ...**(व्यवधान)**...

श्रीमती सविता शारदा (गुजरात): सभापति महोदय, माननीय सदस्य किस नियम के तहत बोल रहे हैं? ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय निरुपम : सभापति महोदय, मेरे पास समय कम है। अगर इस तरह से मुझे डिस्टर्ब किया जायेगा तो मैं अपनी बात नहीं कह पाऊंगा। ...**(व्यवधान)**...

श्रीमती सविता शारदा (गुजरात): सभापति महोदय, ...**(व्यवधान)**...

SHRI PRAFUL PATEL: He is mentioning the name of my party and leaders. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: I will give you a chance ...*(Interruptions)*...

SHRI PRAFUL PATEL: When he is making certain allegations against them, I cannot keep quiet. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: You will get an opportunity. ...*(Interruptions)*...

श्री राजू परमार (गुजरात): सभापति जी, जो लोग डिफेंड नहीं कर सकते हैं, उनके नाम यहां हाउस में लिये जा रहे हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री मूलचन्द मीणा (राजस्थान) : सभापति जी, जो दोषी हैं, उनको सजा मिलनी चाहिए। ...**(व्यवधान)**...

---

* Expunged as ordered by the Chair.

MR. CHAIRMAN: I will give you a chance. ...*(Interruptions)*... I will give you a chance. ...*(Interruptions)*...

SHRI PRAFUL PATEL: I will speak, Sir. But he should stop speaking like this. ...*(Interruptions)*... He should not mention the name of my party and my leaders. What is he informing the House?

MR. CHAIRMAN: I will give you a chance. ...*(Interruptions)*...

SHRI PRAFUL PATEL: What is he informing the House? ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: I will give you a chance.

SHRI PRAFUL PATEL: Sir, I appreciate that. But he should also refrain from mentioning the name of my party and people. We all want a probe into the scam. I am also for a CBI probe, as he is. Be he should not do like this.

श्री संजय निरुपम : माननीय सभापति महोदय, मैं सिर्फ बताना चाहता हूं कि मैं अपनी आशंका ज़ाहिर कर रहा था। पिछले एक महीने में जिस तरह से जांच की कार्यवाही हुई है, वह संतोषजनक नहीं है। मैंने कहा कि जब आरबीआई ने बताया, जब नाबार्ड की ऑडिट रिपोर्ट आई, उसके 10 दिन बाद महाराष्ट्र गवर्नमेंट एक्शन ले रही है। उसके भी 10 दिन बाद सुनील केदार को गिरफ्तार किया गया। उसके बाद 14 दिन तक संजय अग्रवाल जो कि होम ट्रेड का मुख्य प्रमोटर है, वह फरार रहता है। वह मुम्बई से प्लेन का टिकट लेता है और प्लेन से वह नागपुर में उतरता है और एक होटल में ठहरता है। उसके बाद पूरी इज्जत के साथ, पूरे सम्मान के साथ उसका सरेंडर कराया जाता है। यह सब कुछ जो चल रहा है, यह संदेह के बीज़ पैदा करता है, इसमें संदेह का बीज़ है। इसलिए मेरा निवेदन है कि महाराष्ट्र सरकार के बड़े-बड़े लोग इसमें शामिल हैं। प्रफुल जी, एतराज़ करेंगे, लेकिन मैं बता दूं कि महाराष्ट्र स्टेट कोआपरेटिव बैंक की साल-डेढ़ साल पहले एक मीटिंग हुई थी। उस मीटिंग में सभी बैंकों के चेयरमैन को बुलाया गया था। यह जो डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल कोआपरेटिव बैंक है, इस डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल बैंक के जो चेयरमैन हैं, आप इसे संयोग कहिए या दुर्योग कहिए, वह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए लोग हैं। उन सारे चेयरमैन को बिठाया गया, उनको संजय अग्रवाल से मिलाया गया और यह बताया गया कि यह संजय अग्रवाल है, इनकी होम ट्रेड नाम की कम्पनी है । **...(व्यवधान)...**

श्री प्रफुल्ल पटेल : आपके पास इस बात की जानकारी है। क्या आप इसकी पुष्टि कर सकते हैं। **...(व्यवधान)...**

श्री संजय निरुपम : मेरे पास जानकारी है। मैं सही जानकारी दे रहा हूं। मैं कभी गलत जानकारी नहीं देता हूं । **...(व्यवधान)...**

श्री प्रफुल्ल पटेल : यह बिल्कुल गलत बात है । हर चीज में फिल्मी डॉयलग मारकर अगर आप हीरो बनना चाहते हैं तो वह अलग बात है ।

श्री राजू परमार : अभी जो बात बतायी जा रही है, उसकी ओथैंटीसिटी क्या है ? ...**(व्यवधान)**...

श्री खान गुफरान ज़ाहिदी (उत्तर प्रदेश): प्वाइंटिड क्वेश्चन करेंगे लेकिन प्वाइंटिड क्वेश्चन हुए ही नहीं । ...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: Hon. Member, you have to put questions to the Minister. There should not be any mutual incrimination. There should not be any mutual charging. You should not charge each other. You have to put specific questions and the Minister would answer those questions. ...*(Interruptions)*... I will permit you. But let the discussion go on smoothly.

SHRI PRAFUL PATEL: Sir, I appreciate it. But he should also be restrained from making such allegations. He is talking of a Board meeting. Does he know who was there at the meeting? He said, "In the Maharashtra State Cooperative Board meeting Sanjay Aggarwal was produced to make a representation to the Board." How does he know it? ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: I cannot say anything. You will be given a chance to speak. Then you can reply to all the charges he is making and answer the questions which he is putting to the Minister. Let us not charge each other in the House.

SHRI NILOTPAL BASU (West Bengal): Sir, I would like to make a request to the hon. Members. Some of us are also slated to speak on this issue. There are going to be very serious repercussions of what has happened. There has been a regulatory failure also. A lot of things have been done. A lot of money deposited by the people in the cooperative banks and a lot of money of the workers which was kept in the Provident Fund has gone into the scam and has vanished. It is not proper on our part to behave in a manner in which we are behaving by making allegations and counter-allegations. There are a lot of systemic aspects. We should discuss it along those lines.

MR. CHAIRMAN: Mr. Nirupam, kindly put specific questions.

श्री संजय निरुपम : सभापति महोदय, मुझो यह निवेदन करना है कि सी.बी.आई. की इन्क्वायरी होनी चाहिए, उसके लिए कुछ तो लॉजिक देना पड़ेगा ।

श्री सभापति : आपको लॉजिक देने की जरूरत नहीं है । मिनिस्टर साहब जानते हैं, हर मैंबर जानते हैं, लॉजिक देने की जरूरत नहीं है, आपको सिर्फ क्वेश्चन पूछने हैं । The Members should use discretion while speaking.

श्री संजय निरुपम : सभापति महोदय, मैं माननीय मंत्री महोदय से मांग कर रहा हूं कि इस पूरे मामले की छानबीन में कहीं पर भी मुम्बई डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक का नाम नहीं आया। मैं सदन में बाकायदा एक डाक्यूमेंट रखने के लिए तैयार हूं । यह डाक्यूमेंट किसका है । मुम्बई डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक में कम से कम चार सौ करोड़ रुपये का घोटाला हो चुका है, यह पैसा डूब चुका है । यह किसी को मालूम नहीं है, महाराष्ट्र गवर्नमेंट को मालूम नहीं है। जो इनफॉर्मेशन मैं दे रहा हूं, अगर इसमें से एक परसेंट भी इनफॉर्मेशन गलत होगी तो जो सजा होगी, मैं उसको भुगतने के लिए तैयार हूं । यह मुम्बई डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक मुम्बई के सारे कोऑपरेटिव बैंक्स की एक ऐपेक्स बॉडी है । मुम्बई के सारे कोऑपरेटिव बैंक्स अपना पैसा इस बैंक में डालते हैं और सुबह शाम जितनी भी जरूरत पड़ती है, उससे पैसा निकालते हैं । इस बैंक में कम से कम 800 करोड़ रुपए अब तक इधर उधर हो चुके हैं। जो थोड़ी सी इनफॉर्मेशन मैं देना चाहता हूं, वह यह है कि मध्य प्रदेश की एक डैवलपमेंट कारपोरेशन के लिए इस बैंक ने सौ करोड़ रुपये का लोन दिया । मध्य प्रदेश की वह कम्पनी आज सिक हो चुकी है, वह पैसा वापिस आने वाला नहीं है । इस बैंक ने, मुम्बई कोऑपरेटिव बैंक ने गुजरात में अहमदाबाद स्थित मफतलाल की एक सिक कम्पनी के लिए 70 करोड़ रुपये दिये, वह कम्पनी सिक हो चुकी है, वह पैसा वापिस आने वाला नहीं है । इस बैंक के ऊपर आज किसका कंट्रोल है - प्रफुल्ल भाई को तकलीफ हो जाएगी - नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के सारे लीडर्स का ।(इसके चेयरमैन हैं । * कभी अहमदनगर डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन हुआ करते थे । ये * क्या करते हैं ? मुम्बई कोऑपरेटिव बैंक का पैसा लेकर अहमदनगर की शुगर फैक्ट्रीज़ में डालते हैं, वहां दस-दस करोड़ रुपये डालते हैं और उन शुगर फैक्ट्रीज़ के मालिक कौन हैं - राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के लीडर्स । * यहां से दस करोड़ लेते हैं और * इनकी पार्टी की एक बहुत बड़ी नेता हैं...(व्यवधान)...

SHRI PRAFUL PATEL: He is quoting certain things which are not relevant. Sir, there is no scam in the Maharashtra Cooperative Bank. He is misleading the House. ...*(Interruptions)*...

SHRI SANJAY NIRUPAM: Sir, how can he challenge me? I am giving this information.

SHRI PRAFUL PATEL: He should place the facts on the Table of the House. ...*(Interruptions)*...

SHRI SANJAY NIRUPAM: I am going to place the facts on the Table of the House.

SHRI PRAFUL PATEL: Sir, let him first authenticate these things. If he is willing to authenticate it, I will keep quiet. ...*(Interruptions)*...

SHRI SANJAY NIRUPAM: Sir, I never say anything which is not authenticated. Please try to understand it.

---

* Expunged as ordered by the Chair.

SHRI PRAFUL PATEL: And you will authenticate it; right?

SHRI SANJAY NIRUPAM: I told you, I am going to authenticate this information.

श्री मूल चन्द मीणा : सभापति महोदय, जिस बैंक का नाम लिया जा रहा है, मंत्री महोदय की स्टेटमेंट में उसका नाम कहीं नहीं है।...(व्यवधान)... मिनिस्टर की स्टेटमेंट में उसका नाम कहीं नहीं है । ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय निरुपम : इस तरह से आप कितना समय बरबाद कर रहे हैं ।

MR. CHAIRMAN: Members should seek clarifications rather than make allegations...*(Interruptions)*...

SHRI PRAFUL PATEL: Unnecessarily, he has gone from one to the other. I can also allege that the State Bank of India is doing this; the Bank of Baroda is doing that and so on. Sir, he has to speak on the subject of the Calling-Attention Motion. He cannot raise any other issue ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Mr. Nirupam, I told you to be brief.

श्री संजय निरुपम : इतना बड़ा स्कैम है, इतना पैसा डूबा हुआ है और आप मुझे आदेश दे रहे हैं कि मैं ब्रीफ में बोलूं । मैं इतना बड़ा स्कैम लेकर आया हूं जिस पर महाराष्ट्र सरकार की नज़र नहीं है, जिस पर वित्त मंत्रालय की नज़र नहीं है और मुझे बोला जा रहा है कि मैं चुप रहूं ? सर, इस तरह से डिस्टरबैंस नहीं होनी चाहिए ।

SHRI PRAFUL PATEL: Sir, is he authenticating all that he is saying?

SHRI SANJAY NIRUPAM: Yes, Sir. लेकिन मुझे कम से कम पढ़कर तो बताने दीजिए । ...**(व्यवधान)**...

श्री प्रफुल्ल पटेल : आप authenticate करेंगे क्या ?

श्री संजय निरुपम : आप इस चीज़ से क्यों डर रहे हैं ? आप इस बात से क्यों डर रहे हैं कि मेरे authenticate करने से आपके घोटाले सामने आ जाएंगे? ...**(व्यवधान)**...

श्री प्रफुल्ल पटेल : मुझे कोई डर नहीं है ।

श्री संजय निरुपम : तो आप बैठिए, मुझे authenticate करने दीजिए । मैं कह रहा हूं ...**(व्यवधान)**....

श्री प्रफुल्ल पटेल : आपको जब कहा तब आप authenticate कर रहे हैं ।

श्री संजय निरुपम : मैंने आपके बोलने से पहले ही कहा कि मैं इसे authenticate करने जा रहा हूं, मैं यह डॉक्युमेंट इस सदन में रखने जा रहा हूं । महोदय, इसमें जो दूसरी बड़ी खतरनाक इनफॉर्मेशन है, मैं उसकी ओर मंत्री जी का ध्यान चाहूंगा । ...**(व्यवधान)** ...

श्री प्रेमचन्द गुप्ता (बिहार): मान्यवर, इन दो बड़े नेताओं के बीच में हम लोगों के इश्यू रह जाएंगे ।

श्री संजय निरुपम : मुम्बई कोऑपरेटिव बैंक के बारे में आगे देखिए कि इनफॉर्मेशन क्या है, मंत्री जी, आप ज़रा ध्यान दीजिए । ...**(व्यवधान)**...

श्री जीवन राय (पश्चिमी बंगाल): कौन सा डॉक्युमेंट है, पहले वह तो बता दीजिए ।

श्री संजय निरुपम : मुम्बई कोऑपरेटिव बैंक के बारे में आगे जो इनफॉर्मेशन दी गई है, another major scandal ...*(Interruptions)*...

SHRI PRANAB MUKHERJEE (West Bengal): Sir, I am on a point of order. This Motion has been admitted under rule 160, as per which the Minister has made a statement. Now, the Members are entitled to seek clarifications on the basis of the statement of the hon. Minister. No new issue, no new organisation, can be brought within the purview of this discussion...

MR. CHAIRMAN: Yes, you are right.

SHRI PRANAB MUKHERJEE: If the Member wants to have a discussion on any new organisation, or any new issue, he can do so by bringing it separately. But, so far as the clarifications are concerned, these must be confined to the statement which the hon. Minister has made in response to the Calling-Attention Motion.

MR. CHAIRMAN: What he is saying is right. Mr. Nirupam, you should only seek clarifications. It is not a discussion, but it is a Calling-Attention Motion on a certain subject. And, before reading the document, you had not taken permission, and you have not authenticated it. You confine yourself only to clarifications on the basis of the statement of the hon. Minister and nothing else..*(Interruptions)*...

SHRI PRAFUL PATEL: What he has said should be expunged from the record.

श्री संजय निरुपम : सभापति जी, मैं बहुत ज्यादा रूल्स-रेग्युलेशन्स नहीं जानता, नियम-कानून नहीं जानता लेकिन मैं इतना स्पष्ट करना चाहता हूं कि मेरा जो विषय है, वह यह है कि महाराष्ट्र के कोऑपरेटिव बैंक में जो सिक्योरिटी स्कैम हुआ है, उसकी ओर मुझे माननीय

मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना है । मैं महाराष्ट्र के कोऑपरेटिव बैंक के बारे में बता रहा हूं, मैं महाराष्ट्र से बाहर नहीं जा रहा हूं ।

श्री सभापति : बताना नहीं है, you have to seek only clarifications; no explanation, but clarifications on the statement. It is not a debate where you take point-wise and speak.

श्री संजय निरुपम : ऐसा पहली बार नहीं हुआ है । मेरे लिए हमेशा नए-नए नियम-कानून बनते रहे हैं ।

श्री सभापति : नए नहीं हैं ये रूल्स ।

श्री संजय निरुपम : सभापति जी, मुझे मंत्री महोदय से यह निवेदन करना है कि संजय अग्रवाल को गिरफ्तार करने में जिस तरह से 14 दिन लगे, बिलकुल उसी तरह से 10 दिन केतन सेठ को गिरफ्तार करने में लगे । केतन सेठ की कंपनी "गिल्टेज मैनेजमेंट" के नाम पर पहली बार नागपुर में केस रजिस्टर हुआ । "गिल्टेज मैनेजमेंट" के मालिक को, उसके मुख्य प्रमोटर को 10 दिनों तक क्यों भटकने दिया गया ? उसके सारे दफ्तरों पर रेड क्यों नहीं डाली गई ? अभी परसों यानी मंगलवार को उसे पहली बार गिरफ्तार किया गया और वह भी सी.बी.आई. ने प्रोविडेंट फंड के केस में उनको गिरफ्तार किया । कोऑपरेटिव बैंक स्कैम के केस में उनको गिरफ्तार नहीं किया गया । उनके दफ्तर में क्या पेपर्स हैं, क्या डॉक्युमेंट्स हैं, जब तक हमारे पास नहीं आएगा, तब तक हम इस घोटाले के बाकी आयामों को नहीं समझा सकते हैं ।

महोदय, तीसरा मैं मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि होम ट्रेड कंपनी में जो तीसरा डायरेक्टर है, *वह मिसिंग है । पता नहीं वह कहां है? उसको क्यों नहीं ढूंढा जा रहा है ? मैं यही बता रहा हूं कि उसको क्यों नहीं ढूंढा जा रहा है । सारे फाइनेंस और ट्रांज़ैक्शन का वह इंचार्ज था । जब तक आप उसे गिरफ्तार नहीं करेंगे तब तक आपको घोटाले की तह में जाने का मौका नहीं मिलेगा, आप जा नहीं पाएंगे । मैं मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करते हुए बताना चाहूंगा कि ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : ध्यान आकर्षित मत कीजिए, क्लैरिफिकेशन मांगिए ।

श्री संजय निरुपम : सभापति जी, *तत्काल गिरफ्तारी होनी चाहिए । *वह पर्सन है जो इस घोटाले का एक सूत्रधार है । मैं मंत्री महोदय को होम ट्रेड कंपनी के संदर्भ में थोड़ी सी जानकारी देना चाहूंगा ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : आपको जानकारी नहीं देनी है, आपको सिर्फ क्लैरीफिकेशन मांगना है, आप सवाल पूछिए ...**(व्यवधान)**...

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल (उत्तर प्रदेश): मंत्री महोदय के पास जानकारी है ।

श्री सभापति : आप सवाल पूछिए । आपके पास जानकारी है या नहीं है ?

---

* Expunged as ordered by the Chair.

श्री संजय निरुपम : सभापति जी, मैं क्लैरिफिकेशन ही दे रहा हूं ।

श्री सभापति : आप क्लैरिफिकेशन नहीं देंगे, आप सवाल पूछिए ।

श्री संजय निरुपम : अगर यह तय हुआ है कि मुझो बोलने नहीं दिया जाएगा तो ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : यह गलत बात है, आपको बोलने दिया जा रहा है ।

श्री संजय निरुपम : सभापति जी, इतना गंभीर प्रश्न है, इतना बड़ा घोटाला है ।

MR. CHAIRMAN: It is not a general debate. You have to seek clarifications, not give suggestions.

श्री संजय निरुपम : सभापति जी, मैं मंत्री महोदय से जो क्लैरिफिकेशन मांग रहा हूं वह यह है कि होम ट्रेड कंपनी के बारे में इनके पास कितनी जानकारी है ? होम ट्रेड कंपनी के तीन में से एक डायरेक्टर श्री संजय अग्रवाल, कभी लॉयड सिक्योरिटी के सी.ई.ओ. हुआ करते थे। उस लॉयड सिक्योरिटी, लॉयड ब्रोक्रेज फर्म को 1997 में बैंकरप्टसी की वजह से और कुछ गलत ट्रांजेक्शन की वजह से सेबी ने बैन कर दिया था लेकिन बाद में उसी व्यक्ति को दूसरी कंपनी शुरू करने की परमिशन दी जाती है । इसमें मॉरीशियस बेस्ड ओ.सी.बी. भी इन्वोल्व्ड है । हम बार-बार ओ.सी.बी. के बारे में बोलते रहते हैं इसलिए मैंने पूछा है कि पैसा कहां गया । मुझो डर है, आशंका है कि कहीं हमारे कॉ-ऑपरेटिव बैंक्स का पैसा मॉरीशियस बेस्ड जो ई.डी.टी.वी. है, उस कंपनी के माध्यम से बाहर तो नहीं चला गया है । यह छानबीन महाराष्ट्र पुलिस नहीं कर सकती, यह छानबीन नागपुर के छोटे-मोटे कांस्टेबल और इंस्पेक्टर नहीं कर सकते हैं । इसकी छानबीन के लिए आपको एक्सपर्ट्स चाहिए । शेयर स्कैम को समझाने वाले जो सी.बी.आई. के लोग हैं उनके हवाले इसे करना पड़ेगा ।

श्री सभापति : आप सजेशन्स दे रहे हैं, आप क्लैरिफिकेशन्स पूछिए ।

श्री संजय निरुपम : सभापति जी सीमेंस प्रोविडेंट फंड का जो प्रश्न आया है, जिसका टोटल डिपोजिट चार सौ करोड़ के आस पास था, उसमें 1992 या 1994 में ...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: You have spoken for 22 minutes...*(Interruptions)*...

श्री संजय निरुपम : सर, 22 में से दस मिनट तो इधर ले लिए गए हैं ।

श्री सभापति : नहीं, यह बात नहीं है ।

MR. CHAIRMAN: Now, you should wind up...*(Interruptions)*...You have to only seek clarifications, because Calling Attention Motion is not a debate.

श्री प्रेम चन्द गुप्ता : सभापति जी, दस-दस मिनट का टाइम सभी को मिलना चाहिए क्योंकि ये बीस मिनट बोल चुके हैं ।

MR. CHAIRMAN: Moreover, each Member should take five minutes for seeking clarifications so that the Minister can also respond to those clarifications.

श्री संजय निरुपम : सभापति जी, मुझे ऐसी जानकारी है कि प्रोविडेंट फंड में जो हमारी बचत है, हमारे पैसे हैं उन पैसों का दुरुपयोग या उपयोग शेयर मार्किट या डेब्ट मार्किट में हो रहा है और बहुत बड़े पैमाने पर हो रहा है । लेकिन इसकी आज तक कोई छानबीन नहीं हुई है, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है । मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि प्रोविडेंट फंड के पोर्टफोलियोज का कहां-कहां इन्वेस्ट हुआ है ? मंत्री जी इसके ऊपर एक व्हाइट पेपर लेकर आएं, इसके बारे में बताएं कि प्रोविडेंट फंड का पैसा कहां-कहां है ? जैसे कि सीमेंस में लगभग 92, 94 करोड़ रुपये डूब गए हैं जबकि इसमें टोटल डिपोजिट ही चार सौ करोड़ का था और उसका पच्चीस प्रतिशत टोटल डिपोजिट खत्म हो गया, बिल्कुल उसी तरह से अलग-अलग संस्थाओं के प्रोविडेंट फंड के पैसे भी डूब रहे हैं । जिस दिन अलग-अलग संस्थाओं के पैसे डूब जाएंगे उस दिन हा-हाकार मच जाएगा । जिस तरह से यू.टी.आई. स्कैम था उससे भी बड़ा घोटाला पी.एफ. का स्कैम हो सकता है । मंत्री महोदय को इस पर ध्यान देना पड़ेगा । प्रोविडेंट फंड के इन्वेस्टमेंट की जो पॉलिसी है वह फिर से रीडिफाइन करनी पड़ेगी, उसे नए तरीके से समझना पड़ेगा तब कहीं जाकर प्रोविडेंट फंड, जो अभी तक लग रहा था कि अछूता है, उसे बचाया जा सकता है । चलते-चलते मैं एक बात कहना चाहूंगा,... क्लैरिफिकेशन ही है सभापति जी कि मुम्बई कॉ-ऑपरेटिव बैंक के बारे में मैं जो इतने दर्द के साथ कह रहा हूं उसका परपज, उसका उद्देश्य सिर्फ इतना है कि ...(व्यवधान)... एक मिनट मुझे बोलने दीजिए, मुम्बई कॉ-ऑपरेटिव बैंक्स के ऊपर आरोप है, ऐसा शक है, मैं बाकायदा शक की एक कॉपी आपको दे रहा हूं कि उस बैंक के जरिए जाली नोटों का धंधा हो रहा है । मुम्बई के छोटे-छोटे कॉ-ऑपरेटिव बैंक्स वाले जब शाम को बीस-पच्चीस लाख रुपये निकालते हैं तो उसमें अक्सर दस-पंद्रह हजार के जाली नॉट दिए जाते हैं । इस मामले की छानबीन होनी चाहिए, इसकी मैं मंत्री महोदय से मांग कर रहा हूं । जब तक इस मामले की छानबीन नहीं होगी तब तक मुम्बई कॉ-ऑपरेटिव बैंक को बचाया नहीं जा सकता है । धन्यवाद ।

SHRI NILOTPAL BASU (West Bengal): Sir, at the outset, I am somewhat disappointed by the statement because it does not really capture the complexity and the wide ramifications of the scam. There is no doubt that there is a scam. That has been admitted in the statement itself. But we had seen this approach of the Government earlier in the share market scam also. In paragraph 4 on page 2, the opening line is, "There has been no failure on the part of the regulators, as alleged". I would like to ask the hon. Finance Minister, through you, Sir, whether it was not a fact that Mr. Sanjay Aggarwal, the CEO of M/s Home Trade Ltd., of which there was a mention in the statement, was the CEO of M/s Lloyds Brokerage in 1997. Was it not a fact that on 16th January, 1997, there was a major fluctuation and oscillation in the share prices, and the SEBI had found that M/s Lloyds Brokerage was guilty of rigging share prices? It was under inquiry. While

the inquiry was going on, was it not a fact that a Mauritius-based company called EDTV purchased M/s Lloyds Brokerage, and, that too, for a pittance, at Rs.1.50 per share. Then, was it not a fact that while the inquiry was on, M/s Lloyds Brokerage was allowed to be renamed as M/s Euro-Asian Securities, and subsequently, a change in the management of M/s Lloyds Brokerage, now rechristened as M/s Euro-Asian Securities, was allowed? We know that while an inquiry is going on, the regulator should freeze the activities of that company, including the name it carries and the management it has. Now, this is my first question: how can we give a clean chit to the regulator? Then, the second question is this. Now, it is a fact that when, in the earlier share market scam the involvement of the Madhavpura Cooperative Bank came to light, and there were grave violations and criminal acts committed by the Madhavpura Mercantile Cooperative Bank, the RBI came out with a guideline that, as a matter of safety-net, all cooperative banks should invest at least 25% in Government securities. I want to know whether it is a fact that the cooperative banks, at that point of time, were proficient in dealing in Government securities, which is a specialised business. I want to know whether the RBI had put in place certain transparent and technologically upgraded systems, whereby any foul-play could be restricted. I want to ask the hon. Finance Minister whether it is not a fact that the NABARD has to look after all these rural cooperative banks. The SIDBI has to supervise the State Financial Corporations. The National Housing Bank has to monitor and regulate the housing finance companies. The total number of State cooperative banks in the country is 29. There are 367 district central cooperative banks, 804 agricultural societies and 196 regional rural banks. Thus, the NABARD has the wherewithal to properly supervise and regulate all these banks. My third question is, when the Cooperative Banks were allowed to invest to the tune of 25 per cent of their investment in guilts, with the kind of inexperience which the District and Cooperative Banks were having, they had to fall back on certain brokers, in many cases, which were, as per the RBI guidelines, not listed in BSE or NSE. Therefore, what we see now is that, this company, Home Trade, went for purchase of G-secs of a shorter time-period, seven-eight months maturity, where there is an irregular kind of delivery system in vogue, at present, for this kind of securities; without taking the physical deliveries, they are giving only photocopies of the securities. The guilts they are purchasing, they are again reselling it to different banks, this is how about 20 Cooperative Banks got involved in the scam. This was possible only because the kind of regulatory oversight and

the kind of system that is there is completely inadequate to deal with the situation.

Sir, my fourth question is, there has been a very strong demand from market players and sections of the Government; there are murmurs and whispers that the Provident Fund money should be allowed to be invested in the share market in order to provide liquidity to the market. What is the situation here? A retired IRS officer who was the Chief Executive of Seimens Provident Fund; Rs. 94 crores have gone, and almost openly he was doing this through Sanjay Agarwal. His wife was having two investment companies, and that money has gone there. The total amount of money involved, including the cases of cooperatives which have come to light so far, is about a thousand crore. Where has the money gone? The statement of the Minister has not thrown any light on this. The Minister has to explain it because this thing has been going on for the last one month. It is very clear; it is also connected with the market situation because, instead of investing the money, which they were getting from the Cooperative Banks or the Provident Fund, in debt instruments, these moneys were being invested in equity instruments; and when the share market crashed, they could not recover that money. Therefore, all the money that they took in lieu of securities, which they never delivered, was channelled elsewhere. Where has the money gone? The Minister's statement does not say anything on where the money has gone. Who is to find it out? The Government is the executing agency. I am not interested which party and which person is involved in it. But, after the Harshad Mehta Scam, when we were discussing the share market scam two years back here, in this House, and for the last more than a year, in the JPC, we were under the impression that Government securities, as an instrument of scam, were not there. We have been told by the RBI that the situation has been corrected. Where are the regulators? Now, you see huge, fraudulent, play of Government securities in this entire scam. Therefore, Sir, it is a very, very serious and sad situation in the country. What I understand is, some Urban Cooperative Banks were already involved in the earlier share market scam. The Joint Parliamentary Committee is going into that. So, the whole matter should be referred to the JPC, by expanding its terms of reference. It should be brought under the purview of the Joint Parliamentary Committee. Will the hon. Finance Minister agree to it?

I think, the financial sector of the country is in the doldrums. We are going in for new instruments. But we have not put in place proper

regulators, a proper system, a proper technology, a transparent system, and it is anybody's business to loot the money of the small depositors. What is the security for the money of the small depositors in this country, who deposit their savings in the Provident Fund, earned through their blood and sweat? It is the workers' money. It is the small people's money. Can it be just allowed to be looted and plundered by these unscrupulous operators, with the regulatory supervision remaining absent? On the top of it, the Finance Minister gives them a certificate that there is no failure on the part of the regulators, as alleged, nothing could be more unfortunate for this country and for this nation.

Thank you.

SHRI NARENDRA MOHAN (Uttar Pradesh): Mr. Chairman, Sir, many points have been raised. Issues have been raised and clarifications have been sought. I will not repeat them. But it is very difficult for me to share the perception that there has been no failure on the part of the regulators as alleged. Very difficult. Reasons for this are simple. Is it not a fact that cooperative banks, for the last couple of years are colluding with high-profile brokers in Mumbai? They are not following the guidelines and the rules of governance framed by the RBI. I would like to read from the Annual Report, 2000-01, of the RBI. It is on page 13. It says, "The existing supervisory system for urban cooperative banks allow for regulatory arbiters and potential for contagion effects. Furthermore, the existence of overlapping jurisdiction between the Central Government, the State Government and the RBI hinders the speed of response of unforeseen development." Mark the words, 'unforeseen development.' These are unforeseen developments.

I would, through you, like to know from the Minister, for how many years more these unforeseen developments will continue? I know, the Government of India can do very little. Mr. Chairman, Sir, the reason is cooperatives is more a State-subject, and this overlapping jurisdiction is creating a lot of confusion.

Sir, the Reserve Bank of India, in the same Report, under heading, "Monetory and credit policy statement." The RBI has mooted a proposal to stop all this. "The RBI has mooted a proposal for setting up of a new apex supervisory body, which can take over the entire inspection, supervisory function, in relation to the scheduled and the non-scheduled urban cooperative banks. The apex body could be under the control of a separate high-level supervisory board consisting of representatives of the Central

Government, the State Government, the Reserve Bank of India, as well as experts." Will the Minister accept that such a body is needed? And, if such a body is needed, why is the Government of India feeling hesitant to follow the advice of the RBI in this matter? This is my second query.

Mr. Chairman, Sir, the issue is so important that the poor administration and the poor governance of regulations of these banks has become a continuous process, more or less. We know about the Harshad Mehta case and the Madhavpura Cooperative Bank case. And there was another case in Hyderabad. The Madhepura Co-operative Bank financed a bull. The money of a co-operative bank in Hyderabad was diverted to the real estate and the whole bank collapsed. A co-operative bank in Rajkot gave carte-blanche to a broker to trade in Government bonds and other bonds which, ultimately, flopped. All these things are happening. Sir, with your permission, I quote from the editorial of the *Business Standard*, which says, "Historically, most of the co-operative capital in the country has come from the Government. When the co-operatives run short of capital, the Governments give them loans and these are never recovered." Is it a fact? Has any enquiry been made? Whether it is Government's money or labourers' money or farmers' money. The money in the co-operative banks is causing a great anxiety to the investors.

MR. CHAIRMAN: Please finish it, so that other Members can also participate in the discussion.

SHRI NARENDRA MOHAN: Sir, you have been very kind to give other Members twenty-five minutes each and fifteen minutes each. So, at least, give me seven or eight minutes.

MR. CHAIRMAN: You have taken eight minutes.

SHRI NARENDRA MOHAN: No, Sir. I have taken only four minutes. I have been observing the clock. So, if you give me some more time, I shall be obliged to you.

